डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 135 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 28 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया


## बस की टक्कर से दो भाइयों की मौत

**पिपलिया मंडी, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। यह वारदात गुरुवार सुबह करीब 10 बजे चिल्लोद पिपलिया के निकट गर्रावद फंटे पर हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टीवीएस मोपेड पर सवार होकर जा रहे बूढ़ा निवासी सगे भाई भगतराम मालवीय व लालूराम मालवीय को हिंगलाज बस के ड्राइवर ने सामने से टक्कर मार दी। गंभीर दोनों घायलों को बूढ़ा के सरकारी अस्पताल ले गए। जिन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दोनों भाई रोड पर साइड में खड़े थे, इसी दौरान बस ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार दोनों भाई आक्याबिका रिश्तेदारी में मोसर में शामिल होने जा रहे थे। नारायणगढ़ टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया बस ड्राइवर मौके से बस छोड़कर फरार हो गया। बूढ़ा चौकी पुलिस ने बस जप्त कर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।








गजक की सीजन समाप्ती के बाद भी गजक वालों का अतिक्रमण परवान पर

# रसूखदारों के अतिक्रमण के आगे नतमस्तक प्रशासन

- ✻ गर्मी से पहले कूलर माफिया का सड़क पर कब्जा
- ✻ मुख्य मार्ग पर फैली अव्यवस्था, मैजिक वालों की भी मनमानी जारी
- ✻ गजक की सीजन समाप्ती के बाद भी गजक वालों का अतिक्रमण परवान पर

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर और पुलिस कप्तान शहर के अतिक्रमण और बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों को कई बार निर्देशित कर चुके हैं। यहां तक की खुद अधिकारी सड़क पर उतरकर स्थिति का जायजा ले चुके हैं। इधर नगरपालिका को निर्देशों का पालन करने में बड़ा अस्पताल रोड, नाहटा चौराहा इन दोनों क्षेत्रों के अलावा कुछ नजर नहीं आता। यहां जाकर औपचारिकता निभाते हुए छोटे मोटे दुकानदारों को हटाकर सामान जब्त कर लिया जाता है। लेकिन, मुख्य मार्ग पर रसूखदार व्यवसायियों के दुकानों के बाहर रखा अतिक्रण नजर नहीं आता।**

हम बात कर रहे हैं कालाखेत से बस स्टैंड मार्ग और दयामंदिर रोड की जो शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कूलर व्यवसायियों के आगे नपा नतमस्तक है। हर बार गर्मी आते ही आधी सड़क पर सामान पसार कर कब्जा कर लिया जाता है। फिलहाल गर्मी ने दहलीज पर कदम ही रखा है और कूलर माफियाओं ने सड़क पर कब्जा जमा लिया। अभी से ही यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। अभी ध्यान नहीं दिया गया तो गर्मी में यह अतिक्रमण और ज्यादा बढ़ जाएगा। इसके बाद रही सही कसर मैजिक चालकों की मनमानी पहले ही पूरी कर रही है। मैजिक वाहन सवारी के चक्कर में मनमानी करते हुए एक के पीछे एक वाहन खड़े कर रहे हैं। वहीं चौराहे पर ही एक निर्माण कार्य हो रहा है। जिसका मलबा सड़क पर बिखरा हुआ है। परिणाम यह हो रहा है कि हर तीन मिनट में यहां वाहनों की कतार लग रही है।

### टर्न पर फिर से दिक्कत...

कालाखेत से दयामंदिर रोड की तरफ जाने वाले चौराहे पर सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बन रही है। यहां एक निर्माण कार्य चल रहा है। इतने व्यस्ततम मार्ग पर मलबा सड़क पर डालकर काम किया जा रहा है। इधर टर्न पर मैजिक वाहन एक के पीछे एक खड़े हो रहे हैं। जिससे यह जाम पूरे कालाखेत मार्ग को प्रभावित कर रहा है।

### शाम को स्थिति ज्यादा खराब...

दोपहर में गर्मी के कारण लोग फिलहाल घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। लेकिन, स्थिति शाम को सबसे ज्यादा बिगड़ रही है। शाम 07 बजे बाद इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती है। स्थिति यह है कि दुपहिया वाहन भी यहां से आसानी से नहीं गुजर पा रहे है।



### आधी सड़क पर कूलर पसरे...

सबसे ज्यादा मनमानी कर रहे हैं कूलर संचालक। विशेषकर कालाखेत से बस स्टैंड जाने वाली रोड पर दुकानदार ने लगभग आधी सड़क पर कूलर सहित अन्य सामान पसारकर रख दिया है। इसी तरह की स्थिति दयामंदिर रोड पर भी हो रही है। इधर दुकान पर आने वाले ग्राहक भी दुकान के बाहर वाहन खड़ा करते हैं। जिससे एक चार पहिया वाहन के यहां से गुजरते ही जाम की स्थिति बन जाती है।

### अन्य जगहों पर भी नहीं दिया ध्यान...

नगरपालिका की कार्रवाई कभी कभार छोटा मोटा सामान जब्ती तक ही सीमित है। मर्जी के मुताबिक सड़क पर खड़े होकर व्यापार करने वाले 2 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर भी यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं। व्यापारिक जोन कहे जाने वाला कालिदास मार्ग, आजाद चौक, सम्राट मार्केट 50 की बजाय सिर्फ 25 फीट चौड़ा ही बचा है। त्योहारों पर स्थिति का पता आसानी से लगाया जा सकता है। लेकिन, जिम्मेदारो का इस ओर ध्यान ही नहीं है।

### मामला स्कूलो की मान्यता नवीनीकरण का...

# जिले के 112 स्कूलों पर जल्द लग जाएंगे ताले..!

## रतलाम - नीमच से ज्यादा संख्या मंदसौर में

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिले के 112 स्कूलों में 32 दिन बाद ताले लगने की आशंका है। मामला मान्यता नवीनीकरण के लिए दिए जाने वाले आवेदनों का है। आवेदन नहीं करने वालों में नीमच और रतलाम से ज्यादा संख्या मंदसौर में है। संभाग की बात करें तो यह आंकड़ा 791 है। इससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले सैकड़ो बच्चों पर असर होगा और उन्हें अन्य स्कूलों में दाखिला लेना होगा। वहीं स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के साथ ही अन्य कर्मचारियों पर भी इसका असर होगा और वे बेरोजगार हो जाएंगे। इसकी वजह है मान्यता नवीनीकरण के लिए इन स्कूलों द्वारा आवेदन लॉक नहीं करना। इन स्कूलों को मान्यता के लिए आवेदन करना था। लेकिन, इन्होंने नहीं किया। इनकी मान्यता 31 मार्च तक के लिए ही है। इससे ये स्कूल नए सत्र 01 अप्रैल से संचालित नहीं हो पाएंगे। इन स्कूलों में आरटीई के बच्चे भी पढ़ते हैं। आरटीई के नियम के अनुसार एक बार दाखिला लेने के बाद दूसरे स्कूल में योजना में दाखिला नहीं लिया जा सकता है। इससे इन स्कूलों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ना होगा या फिर अन्य प्राइवेट स्कूल में असर स्कूल के स्टाफ यानी शिक्षक और कर्मचारियों पर भी होगा और स्कूल बंद होने से बेरोजगार हो जाएंगे।**

### मान्यता नवीनीकरण के लिए इस बार ये शर्तें जोड़ी...

मान्यता का नवीनीकरण हर 03 साल में होता है। पिछले साल आरटीई एक्ट में संशोधन कर नई शर्तें जोड़ी गई थी। ऐसे स्कूल जो किराए पर चलते हैं, उनके लिए रजिस्टर्ड किरायानामा जरुरी किया है। साथ ही 500 से कम बच्चों वाले स्कूलों को 30 हजार रुपए और इससे अधिक वालों को 40 हजार रुपए की एफडी नवीनीकरण के साथ जमा करानी है। जबकि, पहले मान्यता शुल्क नहीं लिया जाता था। अब 04 हजार रुपए प्रति साल के हिसाब से शुल्क लगा दिया है। मान्यता 03 साल के लिए जारी होती है। स्कूलों को 12 हजार रुपए शुल्क जमा कराना है।

### कई बच्चों का भविष्य होगा खराब...

अशासकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मान्यता के लिए इस बार सरकार ने मान्यता शुल्क बढ़ा दिया। वहीं रजिस्टर्ड किरायानामा जैसी शर्ते जोड़ दी। इस वजह से कई स्कूल आवेदन नहीं कर पाए। इससे इन स्कूलों को मान्यता नहीं मिल पाएगी। इन स्कूलों में पढने वाले बच्चे स्कूल से बाहर हो जाएंगे और स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक सहित अन्य कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। सरकार की वजह से ही ऐसा हो रहा है। मान्यता के लिए आवेदन लॉक नहीं होने से संभाग के 791 के साथ ही प्रदेश के 4 हजार 872 स्कूलों में ताले लग जाएंगे।

### नल जल योजना के पाइप चुराने वाली...

## मेवाती गैंग के सात बदमाश गिरफ्तार

**भानपुरा, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर क्षेत्र से नल जल योजना के पाईप चुराने के मामले में पुलिस ने अंतरराज्ञीय मेवाती गैंग के सात आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया माल बरामद किया है।

भानपुरा पुलिस ने बताया कि 16 अगस्त 2024 को श्रीकांत दास प्रोजेक्ट कार्डिनेटर एलसीसी कंपनी अहमदाबाद द्वारा 01 फरवरी 24 से 05 अगस्त 24 के बीच संग्राम घाट गांधीसागर-भानपुरा रोड पर नल-जल योजना के 436 डीआई 300 एमएम के -9 के कुल 436 पाईप (कीमत 92 लाख 10 हजार 04 रुपये) चोरी होने के संबंध में थाना भानपुरा पर रिपोर्ट की थी। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता का पुलिस ने पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

जांच के दौरान पुलिस ने आरिफ पिता रमजान मेव, मुबारिक उर्फ मुब्बा मेव पिता रमजान मेव, शाहरुख पिता रमजान मेव निवासी ग्राम निंबाहेडी थाना टपुकडा जिला भिवाडी और तोफिक पिता जफरुद्दीन मेव निवासी ग्राम उबारका थाना टपुकडा जिला भिवाडी राजस्थान को गिरफ्तार कर पुछताछ की। आरोपियों द्वारा 15 जुलाई 24 एवं 16 जुलाई 24 और 28 जुलाई 24 एवं 29 अक्टूबर 24 की दरमियानी रात को अपने साथ लाये 14-15 मजदुर के साथ मिलकर जप्तशुदा ट्रक नंबर एचआर 55 एएन 7822, टाटा ट्रक क्रमांक एचआर 55 एपी 6875 एवं तीन अन्य कुल पांच ट्रक से संग्राम घाट से के-9 के 300 एमएम डीआई पाईप चोरी किये थे। पुलिस ने आरोपी आरिफ पिता रमजान मेव, तोफिक उर्फ काला पिता जफरुद्दीन मेव निवासी ग्राम उभारका को गिरफ्तार किया गया। धारा 23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के मेमोरेंडम के आधार पर गिरफ्तार आरोपी के साथ अन्य आरोपी मुबीन पिता शेर खा मेव निवासी ग्राम जयसिहपुरा थाना बडोदा मेव जिला अलवर राजस्थान, हामिद पिता बेहरा उर्फ शर्फू मेव निवासी ग्राम मढाई थाना उटावड जिला पलवल हरियाणा राजस्थान, जावेद निवासी बुराका थाना हतिन जिला पलवल हरियाणा भी शामिल थे।

आरोपियों ने चोरी के बाद उक्त पाईप को ठेकेदार अमित पिता रामानंद जाति ब्राहमण निवासी ग्राम गोपी थाना बाढडा जिला चरखी दादरी हरियाणा, सद्दाम पिता रहमान मेव निवासी ग्राम बंजीरका थाना बगड तिराहा जिला अलवर राजस्थान को बेचना बताया। इन सभी को भी आरोपी बनाया गया, जिन्हे पुलिस तलाश रही हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुबीन पिता शेर खां जाति मेवाती आयु 38 वर्ष निवासी ग्राम जयसिंहपुरा थाना बडोदा मेव जिला अलवर राजस्थान की निशानदेही से हरियाणा के जंगल क्षेत्र से 150 के-9 300 एमएम डीआई पाईप एवं टाटा ट्रक क्रमांक एचआर 55 एपी 6875 विधिवत जप्त किये गये हैं। शेष मशरुका और ट्रकों के साथ आरोपियो की तलाश जारी हैं।

## चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से होगी शुरू, दो मई को केदारनाथ, 4 मई को बद्रीनाथ धाम के खुलेंगे कपाट

**नई दिल्ली, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनेत्री के लिए 30 अप्रैल से शुरू होगी। इस यात्रा के लिए पंजीकरण 11 मार्च से शुरू होगा। हर बार की तरह इस बार भी यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को आधार कार्ड से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इससे चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा में मदद मिलेगी।

इस साल गंगोत्री व यमुनेत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल से खुलेंगे। यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 11 मार्च से शुरू होगा। केदारनाथ धाम के कपाट 02 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे। वहीं बद्रीनाथ धाम के कपाट 04 मई को खोले जाएंगे। पिछले वर्ष 46 लाख से ज्यादा लोग चारधाम यात्रा पर गए थे। पिछली बार यात्रा शुरू होने से पहले रजिस्ट्रेशन में दिक्कत आई थी, वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।

इसलिए इस बार 60 प्रतिशत ऑनलाइन व 40 फीसदी ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। यात्रा शुरू होने से 10 दिन पहले ऑफलाइन पंजीकरण किया जाएगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 11 मार्च से शुरू होगा। ऑनलाइन पंजीकरण उत्तराखंड सरकार की आधिकारिक वेबसाइटपर किया जाएगा। पंजीकरण के लिए हरिद्वार व ऋषिकेश में 20-20 व विकासनगर में 15 ऑफलाइन पंजीकरण काउंटर खोले जाएंगे।

यात्रा से एक महीने पहले किसी भी वीआईपी दर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी श्रद्धालुओं को सामान्य प्रक्रिया से ही दर्शन करने होंगे। यात्रा मार्ग को छोटे-छोटे सेक्टरों में बांटा जाएगा। हर 10 किलोमीटर पर पुलिस पोस्ट होंगी। अतिरिक्त पुलिस बल के जरिए ड्रोन व हेलीकॉप्टर से भी निगरानी की जाएगी। आवश्यक यात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन एवं आवास की व्यवस्था भी की जायेगी।

# शराब ठेके : जिले की 80 प्रतिशत से ज्यादा दुकानों का निष्पादन हुआ

## पांच ग्रुप की 17 दुकानों के लिये टेंडर होंगे, सरकार को मिलेगा बड़ा राजस्व

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शराब पीना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। लेकिन, प्रदेश के साथ ही जिला सरकार को हर साल शराब से राजस्व का लाभ हो रहा हैं। इस साल मंदसौर नगर पालिका क्षेत्र की 11 शराब दुकाने बंद होने से उसकी भरपाई भी जिले की अन्य दुकानों से करने की सरकार की योजना सफल होती दिख रही है। जिले की कुल दुकानों में से ज्यादातर दुकानों का निष्पादन नवीनीकरण या लॉटरी से हो गया हैं। अब केवल पांच समूह की 17 दुकाने शेष बची है। जिनका निष्पादन ई टेंडर के माध्यम से किये जाने का प्रयास होगा।

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले में 11 मदिरा दुकानें बंद होने के उपरांत शेष बची समस्त 85 मदिरा दुकानों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में समानुपातिक रूप से 51.53 प्रतिशत वृद्धि करने पर जिले के 25 एकल समूहों का कुल आरक्षित मूल्य रूपये 2 अरब 55 करोड़ 55 लाख 32 हजार 850 रुपये निर्धारित हुआ था। जिसमे से 21 फरवरी तक जिले के 10 एकल समूहों हेतु नवीनीकरण आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनका कुल आरक्षित मूल्य रूपये 1, अरब 02, करोड़ 38 लाख 64 हजार 264 है। इसके साथ ही गुरुवार 27 फरवरी तक नवीनीकरण से शेष रहे 15 एकल समूहों मे से 10 एकल समूहों हेतु 21 लॉटरी आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिनका आरक्षित मूल्य रूपये 1 अरब 11 करोड़ 50 लाख 72 हजार 485 है। इस प्रकार 27 फरवरी को मंदसौर जिले के 20 एकल समूहों का निष्पादन नवीनीकरण या लॉटरी द्वारा किया गया। जिनका कुल आरक्षित मूल्य 2 अरब 13 करोड़ 89 लाख 36 हजार 749 रुपये है। यह राशि जिले के आरक्षित मूल्य का कुल (40.06+43.63) 83.69 प्रतिशत है, जो शासन द्वारा निर्धारित 80 प्रतिशत से अधिक होने से जिला समिति द्वारा 20 एकल समूहों का निष्पादन स्वीकृत किया गया है। निष्पादन से शेष रहे 05 एकल समूहों का निष्पादन ई-टेण्डर के माध्यम से किया जावेगा।




### इन 05 समूह की 17 दुकानों के लिये बुलाये टेंडर...

आबकारी विभाग से मिली जानकारी जे अनुसार जिले के भैसोदा, भानपुरा, चन्दवासा, मेलखेड़ा, खड़ावदा समूह की 17 दुकानों के नवीनीकरण या लॉटरी से निष्पादन के लिये आवेदन नहीं आने से अब ई टेंडर आमंत्रित किये जा रहे हैं।



**शिक्षा के लिए नवाचार-** गुरुवार से एमपी बोर्ड की 10 वी कक्षा की परीक्षा शुरू हुई है। पहला पेपर हिंदी का था। जैन स्कूल परीक्षा केंद्र के बाहर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की टीचर्स द्वारा पहला पेपर देने जाने वाली छात्राओं को चाकलेट देकर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

# नए अनुबंध के बाद भारत अमेरिका का आर्थिक गुलाम होने जा रहा है..?

**मंदसौर/उज्जैन, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे के बाद से भारतीय किसान, दूध उत्पादक, उद्योग और ऑटोमोबाइल जगत के भारतीय बाजार पर अमेरिका का वर्चस्व कायम हो जाएगा। इसमें से किसानों की फसल और दूध उत्पादकों के लिए तो लगभग सब कुछ समाप्त सा हो जाएगा? यह होने जा रहा है भारत का अमेरिका से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के कारण। व्यवसायिक जगत में तो यह तक कहा जा रहा है कि भारत सरकार का यह आत्मघाती कदम है। जिसके नतीजे में भारत के बाजार में भारतीय व्यापारी टिक नहीं पाएंगे। भारतीय किसान फसल और दूध उत्पादको को तो कंगाली का सामना करना पड़ सकता है। उद्योगपतियों को अपने उद्योग भी बंद करना पड़ सकते है। वित्तीय संकट इतना गहरा जाएगा कि हम आर्थिक गुलाम देश बन जाएंगे, रुपए की गिरावट ठहरने की बजाय डॉलर के मुकाबले बढ़ती ही जा रही है। जो सौ रुपए तक पहुंचकर रिकॉर्ड भी स्थापित कर सकता है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होते ही निश्चित ही देश में आयात असीमित बढ़ जाएगा और निर्यात लगातार घटता जाएगा। तब भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार भी खाली होता जाएगा।



चन्द्रमोहन भगत

पहले ही भारत की 140 करोड़ वाली जनसंख्या में मात्र ढाई से 3 प्रतिशत परिवारों की आय ही 15 हजार डॉलर सालाना से अधिक है। तीन करोड़ परिवार जिनकी आय 03 हजार डॉलर ही है। जबकि, 70 करोड़ आबादी वाले 17 करोड़ परिवार की प्रतिमाह आय 10 हजार रुपए प्रतिमाह है। ऐसे में जब फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अमेरिका और भारत में होते ही अमेरिकन उद्योग, व्यावसायिक संस्थानों की स्थापना भारत में सहज होने लगेगी। चूंकि इन पर टैक्स नहीं लगने के कारण इनके उत्पाद भारतीय उत्पाद के मुकाबले सस्ते होंगेख तब सामान्य मानव स्वभाव है कि अमेरिका की कंपनियों के उत्पादन अधिक बिकेंगे साथ में हमारा अधिक रुपया डालर की कीमत पर अमेरिका जाएगा। टैक्स फ्री अनुबंध के कारण भारत को कुछ नहीं मिलेगा। इसके पहले ही भारतियों के हालात यह है कि भारत में 10 करोड़ क्रेडिट कार्ड, डीमेट अकाउंट धारक है, इनमें से कुछ के पास तो दो-दो रिकॉर्ड कार्ड है। वर्ष 2017 से अब तक निजी लोन लेने वालो के कर्ज डेढ़ लाख करोड़ से बढ़कर 09 लाख करोड़ हो गए हैं। सामान्य लोन लेने वालों की संख्या 64 लाख से बढ़कर 1.38 करोड़ हो रही है। इनमें से 88 प्रतिशत एक लाख रुपए से कम लोन लेने वाले हैं। क्रेडिट कार्ड पर एनपीए की दरें बढ़ने के कारण लोन ले तो रहे हैं। पर, समय पर चुकता नहीं कर पा रहे हैं। जनवरी 2025 तक 61 लाख 33 हजार खाते बंद किए गए हैं। विदेशी निवेश के हालात भी बदतर हो रहे हैं। अक्टूबर 2024 से 24 फरवरी 2025 तक 2 लाख करोड़ का विदेशी निवेश भारत से चीन चला गया है। हमारा निफ्टी भी 1.55 प्रतिशत गिरा है। इन कारणों से भारत में निवेश करने वालों में डर समा गया है।

1996 में पांच महीने लगातार निफ्टी गिरा था, 28 साल बाद फिर से 5 महीनो से लगातार निफ्टी गिर रहा है। दिसंबर 2024 में भारतीय मुद्रा भंडार 704.885 अरब डालर था जो 14 फरवरी 2025 को घटकर 635.72 डालर रह गया था। उपरोक्त भारतीय अर्थव्यवस्था और मुद्रा भंडार की वर्तमान स्थिति है। अंदाज लगा सकते है कि अमेरिका से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का व्यवसाय शुरू हो जाएगा, तब भारत की अर्थव्यवस्था और मुद्रा भंडार में कितनी गिरावट आ जाएगी!

हमारे देश की इस दुर्गति का कारण कोई प्राकृतिक या वैश्विक आपदा नहीं है। कारण है एक मात्र देश का नेतृत्व जो सिर्फ अपने एकमात्र औद्योगिक व्यवसाई के कारण देश के सम्मान को ट्रंप के घुटनों तक झुक कर परोस आए हैं। जितने भी पाठक आर्थिक और राजनीतिक गतिविधियों को जानते समझते हैं। चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल के हो, शायद देश के रुपए और सम्मान की इतनी गिरावट को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे होंगे। बीते राजघराने के समय का हास्य व्यंग वर्तमान नेतृत्व के लिए बिल्कुल सटीक लगता है कि एक कुश्ती में हारा हुआ पहलवान, मां के नतीजा पूछने पर कहता है।

ए मां मैंने मल्ल पछाड़ा ऊपर लेकर बम
वह शर्माए नीचे देखें, ऊपर देखें हम ।।

विचार-मंथन

# आखिर इतना अहंकारी कोई क्यों हो जाता है खिलाड़ी?



भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर धांसू बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट करने के बाद पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद ने जिस तरह से अपनी गर्दन तरेरी और शुभमन को पैवेलियन लौटने का इशारा किया, उस फूहड़ अंदाज की हर कोई आलोचना कर रहा है. भारतीय क्रिकेट प्रेमियों का तो नाराज होना स्वाभाविक ही था, पाकिस्तान की ओर से वर्षों क्रिकेट खेलने वाले वसीम अकरम ने भी इसकी आलोचना की है. हालांकि यह पहली बार नहीं है जब अबरार ने इस तरह की अहंकारी हरकत की हो! अहंकार में चूर रहने वाले और भी कई खिलाड़ी रहे हैं लेकिन सवाल है कि अबरार जब देख रहे थे कि उनकी टीम मजबूत स्थिति में नहीं है इसके बावजूद इस तरह की हरकत का मतलब है कि अहंकार उनके स्वभाव में है. क्रिकेट में ही क्यों, मनुष्य की जिंदगी में हर ओर अहंकार भरा है. तो सवाल है कि ये अहंकार है क्या और मनुष्य के चेतन में मौजूद विवेक इसे क्यों नहीं रोक पाता? यदि आप विश्लेषण करें तो अहंकार वहीं पैदा होता है जहां अंधकार और अज्ञानता का वास होता है. यहां अंधकार का मतलब अंधेरे से बिल्कुल नहीं है. बाहरी अंधकार को तो दीपक की एक लौ या बिजली के एक बल्ब से तत्क्षण दूर किया जा सकता है. बात है आंतरिक अंधकार की. जब आप किसी विषय को केवल अपने नजरिये से देखने के आदी हो जाते हैं तो उस विषय के दूसरे आयाम देख नहीं पाते. दूसरे के देखने का नजरिया आप समझ नहीं पाते हैं.जब तक आप समग्र दृष्टिकोण से विषय को नहीं समझेंगे, खुद के प्रति भी न्याय नहीं कर सकते. ऐसी स्थिति में आपके भीतर का तत्व विकसित नहीं होगा और आपको लगेगा कि आप जो कर रहे हैं, जो सोच रहे हैं वही सत्य है! फिर आपका विवेक मरने लगता है. चूंकि मन तक ज्ञान का प्रकाश नहीं पहुंच पाता इसलिए अंधेरा और घना व गहरा होता जाता है. अबरार तो महज एक उदाहरण हैं. इस तरह के हजारों अबरार आपको इधर-उधर बिखरे मिलेंगे. दो पैसे क्या कमा लिए, थोड़ी सी शोहरत क्या पा ली, अहंकार की ज्वाला भभकने लगती है. इसीलिए भारतीय परंपरा में उपनिषद के श्लोक 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' को जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण श्लोक के रूप में स्वीकार किया गया है. इसका अर्थ है, हे प्रभु, हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो! प्रकाश का अर्थ है ज्ञान का प्रकाश! जिंदगी जब ज्ञान के प्रकाश से आलोकित होती है तो मनुष्यता निखर उठती है. आपने देखा होगा कि कोई गेंदबाज यदि अच्छी गेंद फेंकता है तो बीट होने के बावजूद बल्लेबाज इशारों ही इशारों में गेंदबाज को संदेश देता है कि गेंद शानदार थी! ठीक इसी तरह जब आप किसी के कौशल और काबिलियत की प्रशंसा करते हैं तो उससे आपका कद बड़ा होता है. किसी को नीचा दिखाने की हर हरकत आपको प्रकाश से बहुत दूर, अंधेरे की ओर ले जाती है. इंसानियत का तकाजा यही है कि आप एक अच्छे इंसान बनें. अच्छा इंसान बनने के लिए जरूरी है कि आपके भीतर सात्विकता पनपे. अपनी सफलता पर गर्दन तरेरने से जिंदगी में ऋणात्मकता का वास होता है. ऐसी स्थिति में आप जिंदगी के किसी भी खेल में विजयी नहीं हो सकते और न ही कोई जंग जीत सकते हैं!

# शेख हसीना सरकार गिराने वालों की नई सियासी चाल से भारत चिंतित

**अरुणिम भुयान**

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के एक प्रमुख सदस्य नाहिद इस्लाम ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया. अब वो एक नए राजनीतिक दल का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिसका गठन छात्र आंदोलन (एडीएसएम) और जातीय नागरिक समिति (जेएनसी) के नेताओं द्वारा इस सप्ताह किया जाना है. भारत अपने पूर्वी पड़ोसी देश में राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर बनाये हुए है.

**कौन है नाहिद:** जुलाई 2024 में सरकारी नौकरियों में कथित भेदभाव के खिलाफ छात्रों के विद्रोह में नाहिद ने अहम भूमिका निभाई थी, जो बाद में एक बड़े पैमाने पर विद्रोह में बदल गया और प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया. पिछले साल 5 अगस्त को हसीना बांग्लादेश से भाग गईं और भारत में शरण ली. तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में ढाका में एक अंतरिम सरकार स्थापित की गई. नई अंतरिम सरकार में छात्र आंदोलन से जुड़े प्रमुख लोगों जैसे नाहिद और आसिफ महमूद को शामिल किया गया. इसके बाद संकेत मिल रहे थे कि प्रदर्शनकारियों की मांगों को पूरा किया जा सकता है. अंतरिम सरकार का प्राथमिक कार्य एक नया, समावेशी संविधान तैयार करना और लोकतांत्रिक शासन को बहाल करने के लिए आम चुनाव आयोजित करना था. हालांकि, अंतरिम सरकार के प्रयासों के बावजूद, बांग्लादेश को निरंतर उथल-




पुथल का सामना करना पड़ रहा है. मंगलवार को अंतरिम सरकार से इस्तीफा देने के बाद नाहिद ने कहा कि जुलाई के विद्रोही बलों को एकजुट करने में उनकी भूमिका सरकार के भीतर की अपेक्षा बाहर अधिक प्रभावी होगी. ढाका ट्रिब्यून ने उनके इस्तीफे के बाद ढाका में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके हवाले से कहा, मैं सरकार की तुलना में सड़कों पर बड़ी भूमिका निभा सकता हूं. ताकि जन विद्रोह में भाग लेने वाली ताकतों को एकजुट किया जा सके. मैं सरकार में नहीं, बल्कि लोगों के साथ काम करना चाहता हूं. लोगों के साथ जो किया जा सकता है, वह सरकार में रहते हुए संभव नहीं है. इसके अलावा, मैं राजनीति के लिए सड़कों पर रहना पसंद करता हूं. सोमवार शाम को जेएनसी और एडीएसएम, जिसकी नेता नाहिद थीं, ने एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वे 28 फरवरी को ढाका में एक रैली के दौरान एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन की घोषणा करेंगे. एडीएसएम और जेएनसी दोनों के नेताओं ने 'आपकी नजर में नया बांग्लादेश' नाम से जनमत सर्वेक्षण अभियान शुरू किया था, जो 5 फरवरी को शुरू हुआ था. इस पहल का उद्देश्य नई राजनीतिक पार्टी के गठन के बारे में जनता की भावना को समझना था. जेएनसी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन के अनुसार, रविवार दोपहर तक 2 लाख से ज्यादा लोगों ने सर्वेक्षण में हिस्सा लिया था. बांग्लादेश मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार नई पार्टी के लिए जुलाई विद्रोह से जुड़े कई नाम सुझाए गए, जिनमें जनता दल, नोटुन बांग्लादेश पार्टी, बिप्लबी कैल, नागरिक शक्ति, छात्र जनता पार्टी, बांग्लादेश बिप्लबी पार्टी, रिपब्लिक पार्टी और जातीय शक्ति शामिल हैं. बांग्लादेश में छात्र नेताओं और नागरिक समाज समूहों द्वारा समर्थित एक नई राजनीतिक ताकत के उदय पर भारत की भी कड़ी नजर रहेगी. क्योंकि इसमें देश की विदेश नीति को पुनर्संयोजित करने की क्षमता है. 1971 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत के साथ देश के संबंध सत्तारूढ़ पार्टी के रुख के आधार पर उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं. जहां कुछ सरकारों ने नई दिल्ली के साथ मजबूत संबंध बनाए हैं. वहीं अन्य ने अधिक प्रतिकूल रुख अपनाया है. बांग्लादेश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग ने भारत के साथ सामान्यतः अनुकूल संबंध बनाए रखे थे, जिसका मुख्य कारण 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान नई दिल्ली का समर्थन था. बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जो वर्तमान में अवामी लीग शासन को हटाने के बाद शीघ्र चुनाव की मांग कर रही है, ऐतिहासिक रूप से भारत के प्रति अधिक सशंकित रही है तथा भारतीय प्रभाव से स्वतंत्र एक मजबूत राष्ट्रीय पहचान की वकालत करती रही है. 1986 में सैन्य शासक जनरल हुसैन मुहम्मद इरशाद द्वारा स्थापित जातीय पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से मध्यमार्गी रुख अपनाया है तथा भारत और चीन दोनों के साथ संबंधों में संतुलन बनाए रखा है. जमात-ए-इस्लामी (जेआई) एक दक्षिणपंथी इस्लामवादी पार्टी है, जिसने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध किया और 1971 में पाकिस्तान का पक्ष लिया. यह बांग्लादेशी राजनीति में एक विवादास्पद खिलाड़ी रहा है, जिस पर अक्सर चरमपंथ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाता है. जेआई ने ऐतिहासिक रूप से भारत विरोधी रुख बनाए रखा है, धर्मनिरपेक्ष नीतियों का विरोध किया है और पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंधों की वकालत की है. बीएनपी-जमात गठबंधन सरकार (2001-2006) के दौरान, भारत ने जमात के नेताओं पर चरमपंथियों को शरण देने और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था. 2013 से पार्टी के पंजीकरण पर प्रतिबंध और उसके नेताओं के खिलाफ युद्ध अपराध के मुकदमों के बाद से पार्टी का राजनीतिक प्रभाव कम हो गया है. इन सबके मद्देनजर नई दिल्ली ऐसे राजनीतिक परिवर्तन के प्रति सतर्क रहेगी, जो उसके पूर्वी पड़ोसी के साथ कम सहयोगात्मक रुख अपनाने की वकालत करने वाले समूहों को सशक्त बना सकता है.बांग्लादेशी शिक्षाविद और राजनीतिक पर्यवेक्षक शरीन शाहजहां नाओमी के अनुसार, ए.डी.एस.एम. और जे.एन.सी. द्वारा गठित की जाने वाली नई राजनीतिक पार्टी संभवतः वामपंथी-उदारवादी होगी. जिस पर इस्लामवादी प्रभाव अधिक होगा. नाओमी ने ईटीवी भारत से कहा, पिछले साल जिस तरह से उन्होंने हसीना के खिलाफ आंदोलन चलाया था, वह मौलाना अब्दुल हामिद खान भशानी की उप-राजनीतिक राजनीति से काफी मिलता-जुलता था. नाओमी ने कहा, मैं यह देख सकती हूं कि प्रस्तावित नई पार्टी में 1971 के मुक्ति संग्राम की भावना होने की संभावना नहीं है. अब सवाल यह उठता है कि अगर बांग्लादेश में अभी संसदीय चुनाव कराए जाएं तो नई पार्टी की संभावनाएं क्या होंगी. जहां तक ??भारत का सवाल है, उन्होंने कहा कि नई पार्टी का उदय अल्पावधि में चिंता का कारण हो सकता है. लेकिन इसका दीर्घकालिक प्रभाव नहीं होगा. बांग्लादेश की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर एक भारतीय विशेषज्ञ का मत था कि इस नए राजनीतिक दल का उदय नई दिल्ली के लिए चिंता का प्रमुख कारण होना चाहिए, नाम न बताने की शर्त पर विशेषज्ञ ने ईटीवी भारत को बताया, यह नई पार्टी हिज्ब-उत-तहरीर जैसी इस्लामी ताकतों के तत्वों द्वारा बनाई जा रही है. वे धांधली वाले चुनाव कराने जा रहे हैं।

# अमेरिका को भारी पड़ सकती है ट्रम्प की शैली?

**राजेश बादल**



अमेरिकी नागरिक समझ रहे थे कि उनके देश की पूंजी उनके हित में लगाई जाए, यह तो बात समझ में आती है लेकिन हुकूमत उनको ही रोज-रोज परेशान करने लगे, यह उनके लिए तकलीफदेह है. हम जानते हैं कि अमेरिकी लोग संसार में सबसे आरामतलब और सुविधाजीवी हैं. इसलिए उनकी सरकार अब उनसे ही मिनट-मिनट का हिसाब मांग रही है तो वे हैरान और परेशान हैं.ट्रम्प के दोस्त और वहां के शासकीय दक्षता मंत्रालय के मुखिया एलन मस्क ने दो दिन पहले एक अजीबोगरीब फरमान जारी किया. उन्होंने सभी केंद्रीय कर्मचारियों को 48 घंटे के अंदर अपने कामकाज की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है. यदि उनकी दक्षता रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई तो नौकरी खोने के लिए तैयार रहना होगा. यही नहीं, अगर वे अपनी परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत करने में नाकाम रहे तो वे अपने आपको नौकरी से बर्खास्त समझ सकते हैं. आपको याद होगा कि अमेरिका में कोविड के प्रकोप के समय से ही बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी घर पर रह कर ही काम कर रहे हैं. उन्हें पूरा वेतन मिल रहा है. मस्क की चेतावनी उन कर्मचारियों के लिए भी है. दिलचस्प यह कि डोनाल्ड ट्रम्प ने भी मस्क के इस फरमान को अपना समर्थन दे दिया है. लेकिन मस्क के इस हुक्मनामे से बड़ा बवाल हो गया है. एलन मस्क के इस आदेश का कई सरकारी एजेंसियों ने खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया है. मस्क निजी और कॉर्पोरेट शैली में सरकारी कर्मचारियों तथा अधिकारियों से काम लेना चाहते हैं.सरकारी कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं हैं. उनका कहना है कि पेंटागन, विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, नासा, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन, पुलिस और सेना के लोग इसे कैसे मान सकते हैं? उनका काम न तो प्रोजेक्ट वर्क जैसा होता है और न ही उसे रोज काम के घंटों में बांधा जा सकता है. ट्रम्प सरकार ने बीते दिनों एफबीआई के नए मुखिया काश पटेल को नियुक्त किया है. पटेल ही इस आदेश के खिलाफ खड़े हो गए हैं. उन्होंने अपनी जांच एजेंसियों के कर्मचारियों को मस्क के मेल का उत्तर देने से रोक दिया है. पटेल का कहना है कि उनके ब्यूरो की एक प्रक्रिया है, जिसके तहत परफॉर्मेंस रिपोर्ट मांगी जाती है और कर्मचारियों का मूल्यांकन किया जाता है. यही प्रक्रिया मान्य है और इससे हटने का सवाल ही नहीं है.काश पटेल का पूरा नाम कश्यप प्रमोद विनोद पटेल है और वे पाटीदार समुदाय के गुजराती हैं. उनका परिवार लगभग अस्सी साल पहले गुजरात के आनंद से अमेरिका जाकर बस गया था. वे ट्रम्प के बेहद निकट हैं. उनके तेवर ट्रम्प सरकार के अंतर्विरोधों को उजागर करते हैं. इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के प्रमुख रॉबर्ट एफ.कैनेडी जूनियर ने पहले तो अपने कर्मचारियों से कहा कि वे ईमेल का उत्तर देते हुए अपनी रिपोर्ट भेज दें, मगर बाद में उनका रुख बदल गया. दरअसल विभाग के वकील ने साफ-साफ कहा कि ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है. इसी मंत्रालय के कार्यवाहक जनरल काउंसल सीन केवेनी ने अपने बयान में कहा कि वे आहत और अपमानित महसूस कर रहे हैं. केवेनी के अनुसार उन्होंने अपनी विभागीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पिछले सप्ताह सत्तर घंटे तक काम किया है. यह मेल निष्ठा को अपमानित करने वाला है. गौरतलब यह है कि रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के कई नेता एलन मस्क के इस रवैये का खुलकर विरोध कर रहे हैं. रिपब्लिकन सीनेटर जॉन कर्टिस ने कहा है कि मस्क का रुख क्रूर और अमानवीय है. सरकार को समझना चाहिए कि कर्मचारी भी इंसान हैं.उनके परिवार हैं और उन पर बैंक के कर्ज हैं. छंटनी का यह ढंग गलत है. इसी तरह एलन मस्क के विरोध में विदेश और रक्षा विभाग के आला अफसर भी हैं. उन्होंने बाकायदा कर्मचारियों को औपचारिक तौर पर कहा है कि उन्हें मस्क के इस मेल का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है. पदभार संभालने के बाद से उन्होंने जितने आदेश जारी किए हैं, उनमें से करीब आधा दर्जन मामलों में अदालतों ने रोक लगा दी है. ट्रम्प इससे बौखलाए हुए हैं. उपराष्ट्रपति जे. डी. वेन्स और एलन मस्क ने तो न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ दिया है. वेन्स ने कहा कि न्यायपालिका अपनी हद पार कर रही है. उन्होंने यहां तक कहा कि एक जज फौजी जनरल को क्या यह बताएगा कि सैनिक अभियान कैसे चलाया जाता है. न्यायाधीशों को कार्यपालिका के मामलों में टांग नहीं अड़ाना चाहिए।

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयान बाजी

शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानो का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी। हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा। शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था।



**तैराकी के लिए** – शहर के नगर पालिका द्वारा संचालित स्विमिंग पूल की साफ सफाई अंतिम दौर में है। शीतला सप्तमी के बाद स्विमिंग पूल आमजन के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

# नरवाई जलाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर होगी दंडात्मक कार्यवाही

**नरवाई जलाने से मिट्टी के अमूल्य पदार्थ नष्ट होने के साथ उर्वरा शक्ति खत्म होती है**

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक कृषि श्रीमति अनिता धाकड ने बताया कि जिले में रबी की मुख्य फसल गेंहू की कटाई का कार्य जारी है। कृषकों द्वारा कम्पाईन हार्वेस्टर मशीनों से फसल काटने के बाद खेत में खड़े खापे (नरवाई) को नष्ट करने के लिए तथा खेत की साफ-सफाई के लिए खेतों में आग जलाने की सैटेलाईट द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि नरवाई (पराली) जलाने से वायु प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति, जन-धन की हानि की घटनाएँ होती है। नरवाई में आग लगाने से अमूल्य पदार्थ नष्टहोता जा रहा है। इसके कारण मृदा स्वास्थ्य व मृदा उत्पादकता खतरे में है। नरवाई में आग लगाने से मृदा तापमान में वृद्धि होती है. जिससे लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते है, जो कि मृदा जैव विविधता के लिए एक गंभीर चुनौती है।

किसानों से की अपील नरवाई जलाने की सैटेलाईट से भी जिला प्रशासन को जानकारी प्राप्त हो रही है। ऐसे में नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 2 एकड से कम भूमि पर राशि रूपयें 2500, 2 एकड से अधिक एवं 5 एकड से कम पर 5 हजार रू. तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि वसूल कर शासकीय कोष में जमा की जाएगी। अत: जिले के किसानों से अपील की जाती है कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं मृदा को उपजाऊबनाने के लिए फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को खेतों में नहीं जलाए।

# रासेयो विशेष शिविर में द्वितीय दिवस स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित रहा

**पिपलियामंडी, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलिया की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर गुड़भेली बडी में आयोजित हो रहा है जिसमें द्वितीय दिवस पर शिविरार्थी द्वारा प्रात: गांव में प्रभात फेरी निकाली एवं शिविर स्थान शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुड़भेली बडी परिसर की साफ सफाई की। बौद्धिक कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें अतिथि इंद्रजीत भट्ट ने कहा स्वस्थ शरीर के लिए व्यायाम के लाभ एवं प्रकृति के अनुसार आचरण करके हम हमारे शरीर को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं। जिला योग प्रशिक्षक अर्जुन परिहार ने कहा गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं संतुलित आहार को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। अतिथियों का स्वागत शिविरार्थियों ने एनएसएस बैच लगाकर किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सचिन कारपेंटर ने शिविर की गतिविधियों से अवगत कराया। स्वयंसेवक सत्यप्रकाश, मोनू नागदा, निलेश ने प्रथम दिवस के शिविर दर्पण का वाचन किया। इस अवसर पर प्रो. गोविंद तंवर, डॉ. अरुण नरगावे, डॉ. पूजा जाटवा एवं शिविरार्थी उपस्थित रहे। संचालन छात्रा भावना मालवीय ने किया। आभार डॉ.कन्हैयालाल लोहार ने माना।

# नागर ब्राह्मण समाज मंदसौर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा भाव से मनाया

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बुधवार को श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर मंदसौर पर नागर ब्राह्मण समाज मंदसौर क्षैत्र द्वारा महाशिवरात्रि पर्व भक्ति भावना से मनाया गया।

जिसमें शाम 5 बजे से पूर्व अध्यक्ष रमेश नागर की अध्यक्षता में तथा पंडित सूर्य प्रकाश शर्मा के आचार्यत्व में भगवान हाटकेश्वर महादेव का श्रीमती अलका राजेंद्र कुमार नागर, श्रीमती दिपीका प्रवीण मेहता एवं श्रीमती तनुजा नागर आदि को भगवान हाटकेश्वर महादेव के अभिषेक पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बाद में महा आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष बाबूलाल नागर, कोषाध्यक्ष धिरेंद्र नागर, कलेक्टर सहायक ग्रेड 2 से सेवानिवृत्त जगदीश नागर, मोहन नागर,



सुनील मेहता , सुरेश नागर,हरीश दवे, अमन नागर, कुलदीप नागर,बालकृष्ण नागर, मंदिर पूजारी मुकेश नागर, दिनेश नागर, श्रीमती कलावती नागर, श्रीमती अनिता नागर, श्रीमती मुक्ती मेहता, श्रीमती दीपिका मेहता, श्रीमती प्रतिभा नागर, श्रीमती विशाखा दवे सहित बड़ी संख्या में नागर जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गोबिंद प्रसाद नागर ने किया।

## आर सागर कछावा को बंजारा रत्न अवार्ड से करेंगे सम्मानित

मनासा, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता आर सागर कछावा को दिल्ली में बंजारा रत्न अवार्ड से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मानित करेंगे। यह सम्मान बंजारा समाज के साथ ही सभी वर्गों के लिए संघर्ष करने पर मिला है।



दिल्ली की संस्था संत सेवालाल ट्रस्ट एवं आल इंडिया बंजारा सेवा संघ प्रतिवर्ष बंजारा समाज के लिए एवं अन्य क्षेत्र में देश भर में काम करने वाले लोगों का चयन कर उन्हें सेवालाल जी की जन्म जयंती और रूपसिंह जी महाराज की पुण्य तिथि पर सम्मानित करता है। इस वर्ष भी दिल्ली के डा.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर सभा हाल में 28 फरवरी शुक्रवार को समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कर्नाटक के पूर्व सांसद डा.उमेश जाधव, आल इंडिया बंजारा सेवा संघ अध्यक्ष शंकर पंवार सहित अन्य अतिथियों द्वारा कछावा को सम्मानित किया जाएगा।

# रासेयो शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों ने मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता कार्य किया

## महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर रैली निकालकर टीबी उन्मूलन का संदेश दिया

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि रासेयो शिविर के छठवें दिवस में स्वयंसेवकों ने महाशिवरात्रि के पर्व पर गांव में भगवान शंकर, पार्वती, गणेश, शंकर भगवान की पुत्रियां एवं भूत आदि बनकर रैली निकाली। जो की अत्यंत ही मनमोहक थी।

परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम रिछा लाल मुंहा स्थित मुक्तिधाम के परिसर में स्वच्छता कार्य किया एवं परिसर में स्थित वृक्षों के आस पास क्यारियों का निर्माण किया। बौद्धिक सत्र के डॉ.आर. के. द्विवेदी (जिला क्षय अधिकारी मंदसौर), विजय नागोरे (प्रभारी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, धुंधडका) द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान के संदर्भ में टीबी बीमारी के बारे में जानकारी एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही शपथ दिलवाई कि स्वयंसेवक भी टी.बी. मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करें। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर से आए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उषा अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को नेतृत्वकर्ता के गुण बताएं। उन्होंने कहा नेतृत्व कर्ता के पास विजन, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, निर्णय लेने की क्षमता, समय प्रबंधन एवं प्रोबलम सॉल्विंग स्किल इत्यादि होना चाहिए। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने स्वयंसेवकों को आनंदम की एक्टिविटी करवाई तथा कहा कि अपने नजरिए को सकारात्मक बनाएं। रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. खुशबू मंडावरा ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण सतत् विकास (एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी) और इसके लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल आर्य, डॉ ललिता लोधा, प्रो. ऋतु शर्मा एवं प्रो. प्रहलाद भट्ट उपस्थित रहें।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक राहुल शर्मा एवं संचालन सुधांशु भावसार ने किया। आभार स्वयंसेवक प्रखर दुबे ने माना। रात्रि काल में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन रासेयो जिला संगठन डॉ. के.आर.सूर्यवंशी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें समस्त स्वयंसेवकों ने गीत, नृत्य, गिटार एवं ढोलक वादन, कविता पाठ इत्यादि की प्रस्तुतियां दी एवं कैंप फायर का आयोजन भी किया गया।



## टीबी मुक्त रथ ने भ्रमण किया

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देश से टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मुक्त रथ ने ग्राम ग्राम निरधारी एवं ग्राम दमदम में भ्रमण किया गया। जगदीश खींची स्वास्थ्य विभाग मंदसौर ने टीबी के बारे में जागरूक किया। टीबी से कैसे बचा जाए एवं टीबी के क्या लक्षण है, इसकी जानकारी दी गई। चलने में सांस भरना, लगातार खांसी आना, भूख नहीं लगना, वजन कम होना, रात को पसीना आना जैसे टीबी के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। सभी ग्रामवासी एक्स-रे करवाए। नि:शुल्क एक्सरे किया जा रहे हैं। अगर मरीज टीबी पॉजिटिव आते हैं तो आपको 6 माह तक दवाई लेना है, दवाई में कोई गैप नहीं करना। टीबी का पेशेंट दवाई लेने पर ठीक हो जाता है। टीबी कोई घातक बीमारी नहीं है। अगर जांच में मालूम पड गया है की आपको टीबी है तो दवाई जरूर लेना चाहिए। दवाई का नियमित उपयोग करने से व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ हो जाता है।

## श्री शिवज्योति आश्रम लिलदा में महाशिवरात्रि पर भण्डारा हुआ

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य मे गुरूवार को श्री शिवज्योति आश्रम लिलदा मे महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी श्री शिवज्योति आश्रम परिसर मे भगवान शिवज्योति को अभिषेक, महाआरती, व प्रसादी भंण्डरा तथा रात्री भजन संध्या आश्रम परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। समाजसेवी ठा.कृष्णपालसिंह शक्तावत, राधेश्याम मारू पत्रकार, राजेन्द्रसिंह बरखेडा जयसिंह ने गुरुजी का सम्मान कर आर्शिवाद लिया। शिवज्योति मंदिर पर महाभिषेक के साथ ही महाआरती मे भाग लिया है। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्यगण बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों की उपस्थिति रही है। महाआरती गुरूजी देवीनाथ योगी के सानिध्य में संपन्न हुई पश्चात भक्तों को प्रसादी का वितरण हुआ है।



# सांवलिया सेठजी मंदिर की भेंटपात्रों से निकली 4 लाख 17 हजार रू. की दान राशि

## लदूसा का मंदिर प्राप्त करता जा रहा देशभर में ख्याति, आज महाआरती व महाप्रसादी

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। ग्राम लदूसा स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठजी) मंदिर अंचल ही नहीं पूरे देश में ख्याति अर्जित करता जा रहा है। यहां विराजित भगवान श्री सांवलिया सेठजी के दर्शनार्थ दूर-दूर से भक्त आ रहे है। यह हर चौदस पर खुलने वाली दान पेटियों से प्राप्त राशि से स्वत ही पता चल रहा हैं। इस बार कृष्ण पक्ष की चौदस 27 फरवरी को मंदिर की दानपेटियों से 4 लाख 17 हजार 140 रू. की दान राशि प्राप्त हुई। जिसे मंदिर समिति के बैंक खाते में जमा किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महेश व्यास लदूसा ने बताया कि मंदिर में होने वाले भव्य धार्मिक आयोजन दर्शनार्थियों को अपनी और आकर्षित कर रहे है। यहां की समिति द्वारा जनवरी माह में तृतीय वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किये गये इस दौरान आयोजित महाप्रसादी में 30 हजार से अधिक भक्तों ने भाग लिया था। इस बार महाशिवरात्रि में भी 3 क्विंटल ठंडाई प्रसादी का वितरण भक्तों को किया गया। साथ ही आगामी 2 अप्रैल को सांवरिया सेठ के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भव्यातिभव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। महेश व्यास लदूसा ने बताया कि आज 28 फरवरी, शुक्रवार को अमावस्या के दिन सायं 7 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन रखा गया है। उसके पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन किया गया है जिसके लाभार्थी श्री बंशीलाल पिता अमृतलाल प्रजापत निवासी लदूसा परिवार रहेंगे। मंदिर समिति ने सभी धर्मालुजनों से महाआरती व महाप्रसादी में पधारकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# महर्षि दयानंद के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक-सांसद गुर्जर

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। आर्य समाज मंदसौर में ऋषि बौद्ध उत्सव महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि देश को आजाद कराने में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्री गुर्जर ने कहा की महर्षि दयानंद के सिद्धांत पर चलकर हम श्रेष्ठ समाज का निर्माण कर सकते है, वर्तमान समय में समाज पुन: जातिवाद, धर्मान्धता और मतान्तर में उलझ रहा है, ऐसे में आर्य समाज के सिद्धांतों की महति आवश्यकता है।



आर्य वीर दल के जिला प्रमुख प्रवीण आर्य ने कहा युवा पीढ़ी को आर्य समाज से जोड़ने के लिए अंचल में लगातार चरित्र निर्माण हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा प्रत्येक को महर्षि दयानंद द्वारा लिखित सत्यार्थ प्रकाश अवश्य पढ़ना चाहिए। जिसे पढकर अनेक युवाओं का जीवन बदल गया। इस अवसर पर सत्येंद्र आर्य पिपलिया मंडी, कुंजीलाल पाटीदार का समाज सेवा के लिए सम्मान किया गया। प्रात:यज्ञ उपरांत आर्य प्रिंस, सुरेंद्र भाटी ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। अतिथियों का स्वागत मधुसूदन आर्य, रविन्द्र शर्मा, रमेशचंद्र राव, राजेश पालीवाल, महेश शर्मा, रामनारायण चौधरी, डालूराम लिलोरिया, गायत्री प्रसाद शर्मा, सुधीर शर्मा, प्रमोद गुप्ता, योगेश जैन, सुधा कुर्मी, आशा रानी शर्मा, यशोदा आर्य, कृष्णा गौड, डॉ. वेद कुमारी शर्मा, आशा शर्मा, कुमुद शर्मा, समता गुप्ता, किरण आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान मधुसूदन आर्य ने किया व आभार मंत्री राजेश पालीवाल ने माना।

## अटल जी जन्म शताब्दी वर्ष संगोष्ठी कार्यक्रम में शर्मा होंगे सम्मिलित

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। 1 मार्च को जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय मंदसौर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पर प्रबुद्ध जन संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जिसमें मंदसौर जिले के सभी 21 मंडलों से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित ने बताया कि इस प्रबुद्धजन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के पूर्व प्रोटेम स्पीकर, हुजूर विधानसभा से दबंग तेज तर्रार विधायक श्री रामेश्वर जी शर्मा का प्रबोधन संगोष्ठी के माध्यम से प्रबुद्ध जनों को प्राप्त होगा। संगोष्ठी 1 मार्च 2025 शनिवार को प्रात: 11:30 बजे जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम पर रखी गई है।



## जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन 7 मार्च को

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि म.प्र. शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 07 मार्च 2025 को प्रात: 11:00 बजे से शासकीय पी. जी. कॉलेज परिसर, सुवासरा जिला मदंसौर में युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा। बेरोजगार युवा रोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा आवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रांरभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया को लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

## महाशिवरात्रि का शाही स्नान कर आशीर्वाद लिया

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रयागराज महाकुंभ में हरकोई जाकर त्रिवेणी में स्नान करने की इच्छा रखे हुए है। सभी प्रयागराज स्नान के लिए दौड़ लगा रहे है। ऐसे में मन्दसौर के एक दंपत्ति भी है जो मां के स्वास्थ्य खराब होने से प्रयागराज जाने के बजाय उनकी सेवा में लीन है। मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर की माता जी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री बबीता सिंह तोमर की सासू जी पिछले आठ माह से बीमार होकर उपचाररत है। ऐसे में यह दोनों उन्हें छोड़कर कहीं नहीं जाते है।

कल मां ने कहा कि जाओ महाशिवरात्रि का आखिरी स्नान करके आ जाओ तो तोमर दंपत्ति ने उनकी बहनों द्वारा लाए गए त्रिवेणी के पवित्र जल एवं मिट्टी को माता जी के चरणों पर लगाकर महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रात: मां के चरणों में बैठकर शाही स्नान कर लिया। डॉ तोमर कहते है कि माता पिता से बढ़ाकर कोई तीर्थ या स्नान नहीं है।मेरा शौभाग्य है कि आज का शाही स्नान उनके चरणों में बैठकर किया।

# उदपुरा में किसान सम्मेलन व कलश यात्रा सम्पन्न

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा अभियान अंतर्गत ग्राम उद्पुरा में वाटरशेड योजना के माध्यम से आयोजित जल से धन्य धान्य यात्रा के अंतर्गत तारकेश्वर मंदिर उदपुरा से गांव की मातृशक्तियों द्वारा जल के कलश भर के बैंड बाजा की धुन के साथ जल बचाने हेतु कलश यात्रा निकाली गई, इस अवसर पर वाटरशेड रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, कलश यात्रा के समापन के पश्चात वाटरशेड अभियान यात्रा के अंतर्गत ग्राम उद्पुरा माध्यमिक विद्यालय परिसर में एक विशाल किसान सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित ,भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष श्री भेरुलाल सेन जनपद पंचायत मंदसौर के अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, सांसद प्रतिनिधि श्री गौरव अग्रवाल जनपद सदस्य श्री लालचंद गुर्जर श्री राजु राठौर श्री जयंतीलाल गुप्ता श्री शंकरलाल जाट श्री मानसिंह आंजना श्री चेनसिंह परिहार सरपंच प्रतिनिधि श्री सुरेश अहिरवार श्री बन्ना सिंह श्री भेरूलाल उदपुरा मीडिया प्रभारी श्री गोपाल राव सचिव श्री कमलदास बैरागी श्रीमती कुसुम नागर श्री भगीरथ और वाटरशेड के अंतर्गत आने वाली 6 ग्राम पंचायत के सरपंच उप सरपंच सचिव सहायक सचिव तथा इस अवसर पर वाटरशेड परियोजना के जिला समन्वयक श्री मनोज मकवाना श्री पंकज गवरिया, श्री लोकेंद्र दुबे श्री महेश कुमावत श्री जसवीर सिंह एवं कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में जल यात्रा का स्वागत किया गया और इस अवसर पर श्री मोती सिंह रावत ने भी ग्रामीणों से आह्वान किया कि जो वर्षा का जल भरकर नदियों के माध्यम से समुद्र में पहुंच जाता है तो वर्षा का जल का संरक्षण करने के लिए वाटरशेड के माध्यम से कंटूर ट्रेच परकोंलेशन टैंक तालाब छोटे-छोटे स्टाप डैम के माध्यम से वर्षा जल का संरक्षण किया जाए उसकी धरती में समाहित किया जाए ताकि पानी का जल स्तर पर बड़े श्र भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीराजेश दीक्षित ने भी सभी से आह्वान किया कि भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देने के संकल्प प्रतिबद्ध है उसी को लेकर प्रधानमंत्री की सिंचाई योजना के अंतर्गत हर खेत को पानी मिले इसके लिए वर्षा जल संरक्षण हेतु वाटरशेड अभियान यात्रा के माध्यम से जनता में जन जागरूकता फैलाकर वर्षा जल संरक्षण का आह्वान किया एवं शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा ने भी सभी को संबोधित करते हुए युवा पीढ़ी से आग्रह किया की वर्षा जल को बचाने के लिए छत का पानी भी जमीन में उतरने के लिए तथा जो छोटे-छोटे नदी नाले हैं उनको रोककर पानी को जमीन में संरक्षण किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी को मरुस्थल नहीं मिले चारों तरफ हरियाली हो एवं युवाओं से आव्हान किया अगर कहीं भी प्लास्टिक या कचरा दिखाई दे तो उसको उठाएं यह अपना अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य का पालन करें।

# शिव-पार्वती विवाह के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव सम्पन्न

## 251 लीटर ठंडाई एवं 151 किलो साबुदाने की खिचड़ी का प्रसाद वितरीत, महिला भक्त मित्र मंडल स्नेह नगर ने मनाया द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर स्नेह नगर की महिला भक्त मित्र मंडल समिति ने शिव महोत्सव में सभी रस्म हल्दी, मेंहदी, महिला संगीत एवं महाशिवरात्रि को प्रात:काल 4 बजे भस्म आरती, अभिषेक, हवन, विशेष श्रृंगार कर शाम को महाआरती एवं महाप्रसादी हजारों भक्तों में वितरण कर पर्व मनाया गया।



महाशिवरात्रि को प्रात:काल में मंदिर सेविका श्रीमती तारा व्यास व कृष्णा व्यास ने महादेव की भस्म आरती की फिर अभिजीत समय में भागवताचार्य एवं कथा वाचक पं. जी श्री सत्यनारायण शर्मा अमलावद ने मंत्रोच्चार से अभिषेक हवन किया गया। शाम को मंदिर की सेविका कृष्णा व्यास एवं राहुल चौधरी ने महादेव का अदभुत श्रृंगार कर सभी भक्तों का मनमोहित किया इसके बाद शाम को 7.30 बजे मंदिर के पुजारी विनोद व्यास ने महादेव को मंत्रोच्चार के साथ खिचड़ी एवं ठंडाई का भोग लगाकर महाआरती की गई। आरती उपरांत उपस्थित अथाह भक्तों की भीड़ ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। महिला मण्डल द्वारा मंदिर गेट को बलून एवं मंदिर परिसर एवं पांडाल को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया। जयकारे के साथ महिलाओं को महिलाभक्त मित्र मंडल समिति के सदस्यों ने प्रसादी वितरण की उसके पूर्व मुख्य स्थल पर नन्हीं बालिकाएं भव्या शर्मा, अंशिका शर्मा, नीलम हाड़ा, क्रिशा जोशी, वैश्विनी ने महिलाओं पुरुषों को तिलक लगाकर प्रसादी ग्रहण करने आए भक्तों का स्वागत अभिनंदन किया गया। जिसके बाद प्रसादी ग्रहण में आने वाले भक्तों को कतारबद्ध कर सम्मान से प्रसादी दी गई। इसी प्रकार पुरुषों में हमारे पुरुष वर्ग की टीम ने अपनी सेवा देकर हजारों भक्तों को 251 लीटर ठंडाई एवं 151 किलो साबूदाने की खिचड़ी की प्रसादी वितरण किया गया।

## श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि का पर्व मनाया



मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भोले बाबा के महाशिवरात्रि पर्व अभिनंदन नगर स्थित अपना परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर पर महाभिषेक के साथ ही महाआरती संपन्न हुई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजनों की उपस्थिति रही है। श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर पर सुबह 5 बजे से ही अभिषेक और पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुजनों का आना प्रारंभ हो गया था। पूजा अर्चना और दर्शनों का दौर सुबह से प्रारंभ होकर रात्रि 11 बजे तक जारी रहा है। मंदिर पर सुबह महाअभिषेक के साथ ही महाआरती संपन्न हुई है। महाआरती आचार्य पं भूपेंद्र शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई है। महाआरती के पश्चात भक्तों को प्रसादी का वितरण हुआ है।

# दशपुर जागृति संगठन ने देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया

मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। दशपुर जागृति संगठन द्वारा 27 फरवरी को प्रात: 9.30 बजे जिस समय चंद्रशेखर आजाद ने अपने हाथों से स्वयं को गोली मारी थी उसी समय संगठन के सभी देशभक्त पदाधिकारी ने प्रतिमा स्थल पहुंचकर, चंद्रशेखर आजाद को तिलक लगाकर उनके हाथों पर एवं चरणों में कलावा बांधकर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करते हुए आजाद का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।



इस अवसर पर संगठन संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने कहा देश के अंदर बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को जो सम्मान दिया जाना था वह नहीं मिल रहा है। इसका कारण यह है कि आज राजनीति के अंदर भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है हलफनामे से ज्यादा संपत्तियां पूरे भारत के अंदर बहुत अधिक बढ़ चुकी है जिसके कारण आज राजतंत्र को क्रांतिकारी की याद नहीं आती उसका मूल कारण बहुत बड़ा साम्राज्य राजनेताओं के पास सुरक्षित हो चुका है। आज यदि यहां पर राजनेताओं का टिकट वितरण कार्यक्रम होता तो बहुत भीड़ होती, आर्केस्ट्रा या फिर कवि सम्मेलन होता तो भीड़ होती लेकिन इन आजादी के महान नायकों को याद करने का समय किसी के पास नहीं यह चिंता का विषय है। जिसकी जानकारी होने के बाद भी आम जनता मुख्य दर्शक बनकर देख रही है लेकिन परिवर्तन बहुत जल्दी होगा। आजाद का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान का नारा बुलंद किया जाएगा। मात्र 25 वर्ष की उम्र में अपनी रिवॉल्वर से अपने आपको खत्म करने वाले चंद्रशेखर आजाद, मैं आजाद हूं, आजाद रहूंगा का नारा बुलंद करते हुए मातृभूमि को माटी को मस्तक पर लगाने वाले इस मातृभूमि से अलविदा कहते समय यह कह गए की मां दोबारा से मैं जन्म लेकर तेरी सेवा करूंगा । इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष देवेंद्र पौराणिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी आवाज को पहुंचा रहा है जिसके परिणाम बहुत जल्दी देखने को मिलेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने कहा सौरभ शर्मा से 52 किलो सोना पकड़ा जाना अकेले उसकी ताकत नहीं इसमें कई भ्रष्टाचारियों का हाथ है। आजाद की यह बलिदान बेकार नहीं जाएगा। भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ी हुई है, यह शुभ संकेत है। उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बिश्नोई ने कहा राष्ट्र में परिवर्तन का दौर चल रहा है इसमें देशभक्त संगठनों की अहम भूमिका है। संगठन के संरक्षक राजाराम तंवर ने कहा संगठन लगातार अपनी आवाज को बुलंद करते हुए नगर में क्रांतिकारियों की नगरी बनाने के लिए संकल्पित है उसी कड़ी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी नगर पालिका के सहयोग से स्थापित होगी।

संगठन के परामर्शदाता रमेशचंद्र चंद्रे ने कहा संगठन लगातार 14 वर्षों से कार्य कर रहा है। अब इसकी आवाज को दिल्ली तक सुना जा रहा है। संगठन का विस्तार करने की आवश्यकता है इसकी विचारधारा और इसके कार्य बहुत ही सराहनीय है। संगठन शपथ लेकर कार्य कर रहा है यह आज की आवाज भविष्य में बड़ा कार्य करेगी। संगठन के उपाध्यक्ष बी एस सिसोदिया ने कहा मंदसौर नगरी क्रांतिकारियों की नगरी बनकर रहेगी। संगठन इसमें लगातार प्रयास कर रहा है इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे। अमीर गरीब की खाई मिटेगी या विचारधारा लेकर संगठन आगे बढ़ रहा है। संगठन के कोषाध्यक्ष आरसी पांडे ने कहा कि आज घुसपैठियों को भी देश से बाहर निकलना होगा इसके लिए अमेरिका ने शुरुआत करी है, भारत में भी इसकी शुरुआत की आवश्यकता है इसके लिए राजनेताओं का आगे आना होगा। पूरे देश के अंदर अभियान चला कर घुसपैठिये जो देशद्रोही है उनको निकलना होगा। गायक महेश शर्मा ने कहा आजाद हूं आजाद रहूंगा अपनी कविता गाकर पूरे सदन को गरिमा पूर्ण कर दिया। संगठन के द्वारा 15 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर ली गई है इसके लिए बहुत जल्दी संगठन और जागृति करने के लिए हल्दीघाटी महाराणा प्रताप की जन्मस्थली कुंभलगढ़ भी जाएगा। वहां से माटी लेकर सभी संगठन के साथी शपथ लेंगे। इस यात्रा के प्रभारी शिक्षाविद रमेशचंद्र चंद्रे, संगठन अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पौराणिक, आरसी पांडे, सी के. बिश्नोई के द्वारा पूरी योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर सभी ने शपथ लेकर नगर पालिका आभार माना। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा लगातार देशभक्ति के कार्यक्रम में पूरा सहयोग दिया जाता है उसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूरी नगर पालिका के लिए संगठन साधुवाद ज्ञापित करता है। संगठन के परामर्शदाता सुनील बंसल के द्वारा तत्काल छुट्टी के दिन कार्यक्रम करवाने के लिए नगर पालिका का सहयोग लेकर जो कार्य किया है वह भी धन्यवाद के पात्र है। यह जानकारी संगठन के मीडिया प्रभारी राठौर द्वारा दी गई।

# शिवरात्रि पर्व पर जल सेवा का कार्य



मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। केसरिया जागृति मंच मन्दसौर की टीम ने महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर अभिनव कार्य करते हुए मन्दसौर पशुपतिनाथ मंदिर पर जल सेवा का कार्य किया गया। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने भी सह भागिता करते हुए केसरिया जाग्रति मंच के आयोजन की सराहना की,इस दौरान केसरिया जाग्रति मंच की ब्रांड प्रतिनिधि श्रीमती सुधा फरक्या,प्रदेश सचिव श्रीमती सीमा नागर, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी सुनील बंसल,प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार आर्य,प्रदेश कोषाध्यक्ष शकुंतला जी सोनी,जिला अध्यक्ष सरिता चौधरी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा लकी विश्वकर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष उषा शर्मा, जिला सदस्य प्रेमलता राठौर, जिला सदस्य आशा,प्रदेश सदस्य वंदना सोनी,प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश आर्य जी और सभी केसरिया जागृति मंच के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवकाश सूचना

दिनांक 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर्व होने की वजह से दैनिक गुरु एक्सप्रेस का 27 फरवरी 2025 का अंक प्रकाशित नहीं हो सका, जिसका हमें खेद है।

✻ सम्पादक

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 75 | 2172 | 2472 |
| उडद | 6 | 5600 | 6162 |
| सोयाबीन | 4954 | 3900 | 4150 |
| गैहु | 3809 | 2450 | 3150 |
| चना | 340 | 4801 | 5560 |
| मसुर | 435 | 5300 | 5751 |
| धनिया | 1050 | 4100 | 6980 |
| लहसुन | 20000 | 4000 | 6800 |
| मैथी | 313 | 3700 | 5400 |
| मुंगफली | 849 | 4200 | 5200 |
| अलसी | 1047 | 5808 | 6041 |
| सरसो | 2156 | 5350 | 5780 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 46 | 9798 | 12680 |
| प्याज | 1458 | 1000 | 2332 |
| कलोंजी | 2 | 15780 | 17581 |
| तुलसी बीज | 1 | 12491 | 12491 |
| डॉलर | 7 | 2890 | 7300 |
| तिल्ली | 10 | 7601 | 7401 |
| जौ | 145 | 2265 | 2400 |
| मटरसुखी | 10 | 3200 | 4180 |
| असालीया | 170 | 6850 | 7170 |
| चियाबीज | 81 | 10500 | 12880 |

# मर्डर के आरोपी ने थाने में खुद को आग लगाई थी, मौत

## सीएसपी और टीआई को नोटिस



**रतलाम, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के दीनदयाल नगर पुलिस थाना परिसर में खुद को आग लगाने वाले आरोपी की बुधवार देर रात मौत हो गई। पिछले 06 दिनों से आरोपी का इंदौर में उपचार चल रहा था। आरोपी की मौत के बाद पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार ने सीएसपी और थाना प्रभारी को नोटिस जारी किया है। पूरे घटनाक्रम की जांच सब डिवीजन (रतलाम) से बाहर के सीएसपी स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी। परिजन इंदौर से एंबुलेंस से शव लेकर रतलाम पहुंच गए है। घर के आसपास पुलिस भी मौजूद रही।

बता दें कि बीते शुक्रवार 21 फरवरी को रात करीब 12 बजे आदतन अपराधी अजय पंवार उम्र 35 वर्ष नशे की हालत में डीडी नगर पुलिस थाने पहुंचा था। अजय अपने साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाने लगा। पुलिसकर्मी उसे समझा रहे थे, तभी शोर-शराबा करते हुए उसने माचिस जला कर खुद को आग लगा ली। वह 50 प्रतिशत तक झुलस गया था। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल राजेंद्र मेवाड़ा, कांस्टेबल राकेश, एएसआई मुरली मकवाना और पुलिसकर्मी जगदीश ने आग बुझाने के कोशिश की, जिससे उनके हाथ भी झुलस गए थे। आग बुझाने का सीसीटीवी भी सामने आया था। इस पूरे घटनाक्रम में पूर्व में पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार एसआईटी गठित कर चुके हैं। अजय के साथ हुई मारपीट के बाद कार्रवाई क्या की गई, इस मामले में श्री कुमार ने सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया व डीडी नगर थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया को शोकाज नोटिस जारी किया है। एएसपी राकेश खाखा से पूरी जांच रिपोर्ट मांगी है। इसके अलावा अजय की मौत के बाद पुलिस कप्तान ने सबडिवीजन के बाहर के अधिकारी (सीएसपी स्तर) से जांच कराने की बात कही है।

### खुद पर पेट्रोल डालकर आया था अजय...

पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया था कि अजय खुद अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़क कर आया और थाना परिसर में आग लगा ली। जिसे पुलिसकर्मी तुरंत मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। वहां से इंदौर रेफर कर दिया। तब से वह इंदौर में भर्ती था। जहां, उपचार के दौरान बुधवार अर्थात महाशिव रात्रि की रात उसका निधन हो गया।

# देश के दिल मध्यप्रदेश में पर्यटन के स्वर्ण युग का हुआ आरंभ-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हिंदुस्तान के दिल मध्यप्रदेश की समृद्ध प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विविधता के कारण देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। यहाँ के घने जंगल, दुर्लभ वन्य जीव, ऐतिहासिक किले, प्राचीन मंदिर और जीवंत संस्कृति हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं के कारण न केवल पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ा है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से मध्यप्रदेश भारत के शीर्ष पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वयं बता चुके हैं कि मध्यप्रदेश को एक विदेशी मैग्जीन ने दुनिया की श्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन में से एक माना है। राज्य सरकार की योजनाओं से राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर को संरक्षण मिल रहा है। साथ ही इससे प्रदेश वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान स्थापित कर रहा है। राज्य में 24 वन्यजीव अभयारण्य, 12 राष्ट्रीय उद्यान, 9 टाइगर रिज़र्व और 14 विश्व धरोहर स्थल स्थित हैं, जो इसे भारत के सबसे समृद्ध जैव विविधता वाले राज्यों में शामिल करते हैं। इसके अलावा, 12 ज्योतिर्लिंगो में एक मात्र उज्जैन का दक्षिणमुखी महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग श्रद्धालुओं के लिए अगाध आस्था के केंद्र हैं।

**टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया है कि राज्य सरकार पर्यटन को नए आयाम देने के लिए व्यापक स्तर पर काम कर रही है। पर्यटन परियोजनाओं के लिए 758 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें से 358 हेक्टेयर भूमि 39 निवेशकों को आवंटित की जा चुकी है। इससे राज्य में कई नए होटल, रिसॉर्ट, गोल्फ कोर्स और आधुनिक सुविधाएं विकसित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लागू की गई पर्यटन नीति-2025 और फिल्म पर्यटन नीति 2025 निवेशकों और उद्यमियों के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत कर रही हैं। इन नीतियों के कारण पर्यटन क्षेत्र में 3 हजार 372 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आये हैं। इससे 50 हजार 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

**फिल्म निर्माताओं की बन रहा फेवरेट शूटिंग डेस्टिनेशन**–मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण फिल्म निर्माताओं की फेवरेट शूटिंग डेस्टिनेशन बन चुका है। राज्य में 185 से अधिक फिल्मों और 40 अन्य प्रोजेक्टस की शूटिंग की जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि सरकार द्वारा दी जा रही विशेष सुविधाओं और अनुदानों के कारण आने वाले वर्षों में फिल्म पर्यटन और अधिक बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में चंदेरी, ग्वालियर और भोपाल में हुई शूटिंग्स की वजह से इन क्षेत्रों के लिये पर्यटकों में आकर्षण बढ़ा है। साथ ही फिल्म निर्माताओं की नजरों में भी प्रदेश की साफ-सुथरी लोकेशन्स आई हैं।

**नए निवेश और व्यापक रोजगार अवसर**–राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में 1,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि चिन्हित की है। इससे निवेश को और गति दी जा सकेगी। साथ ही पर्यटन से जुड़े कई नए प्रोजेक्टस विकसित होंगे और लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

# मातृ मृत्यु समीक्षा में लापरवाही परिलक्षित होने पर नर्सिंग आफिसर रेखा कुलमोदिया निलंबित

## चिकित्सक डा.प्रमोद पाटीदार, डा.सुरेन्द्र पटेल, डा. संजय जाट की एक वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भी आयुक्त को भेजा

**नीमच, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कलेक्टर नीमच श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिये विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जा रहे है। इस प्रयासों में जिस भी स्तर पर लापरवाही परिलक्षित हो रही है वहां सख्त दण्डात्मक कार्यवाही भी निरंतर जारी है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद ने बताया कि दिनांक 02 दिसम्बर को कलेक्टर श्री हिमांषु चन्द्रा की अध्यक्षता में मातृ मृत्यु की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें जिले में हुई समस्त मातृ मृत्यु की समीक्षा की गई। ब्लाक मनासा की मृत्यु प्रकरण की समीक्षा के दौरान तथ्य संज्ञान में आया कि प्रा. स्वा. केन्द्र कंजार्डा पर 14 जुलाई को सायंकाल 6.30 पर गर्भवती महिला को प्रसव हेतु लाया गया किन्तु तत्समय पर अस्पताल बंद होने तथा नर्सिंग आफिसर को परिजन द्वारा अस्पताल बुलाने के पश्चात् प्रसूता के परिजनों से बाहर से दवाई बुलवाई जाना तथा प्रसव पश्चात् समुचित प्रबंधन नही किये जाने एवं रैफर हेतु 108 सुविधा का उपयोग नहीं जाने के फलस्वरूप प्रसूति के दौरान रेखा कुलमोदिया नर्सिंग आफिसर को अपने कर्तव्य के प्रति बरती गई लापरवाही एवं उदासीनता को देखते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1996 के नियम 9 (1) के अन्र्तगत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगोली नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ता देय होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद ने आगे बताया कि उक्त प्रकरण में प्रा. स्वा. केन्द्र कंजार्डा में पदस्थ चिकित्सक डॉ प्रमोद पाटीदार, डॉ सुरेन्द्र पटेल, डॉ. संजय जाट द्वारा भी प्रसव प्रकरण में किसी प्रकार की जिम्मेदारी का निर्वहन नही करने तथा मुख्यालय पर निवास नही करने पर उक्त तीनों चिकित्सको की एक एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का प्रस्ताव भी आयुक्त उज्जैन को को भेजा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेष प्रसाद ने जिले के समस्त चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया है कि सभी स्टाफ अपने मुख्यालय पर निवास करे तथा आपतकालीन स्थिति में सेवाए प्रदाय करे। मातृ एवं षिषु स्वास्थ्य के साथ ही आकस्मिक स्थिति मे सेवाए बाधित होने पर आगे भी दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## बीस प्रतिशत राजस्व वृद्धि के साथ जिले की आबकारी दुकानों का निष्पादन सम्पन्न

**नीमच, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल.सिघाड़ा ने बताया, कि नीमच जिले की कंपोजिट मदिरा दुकानों का वर्ष 2025-26 के लिये शराब ठेका वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य रूपये 1137592531/- (113 करोड़ 75 लाख 92 हजार 531) रूपये से बढकर, 20 प्रतिशत वृद्धि कर रूपये 1365111055/- (136 करोड़ 51 लाख 11 हजार 55) रूपये में नवीनीकरण के माध्यम से निष्पादित किया गया है। जिले में कोई भी कंपोजिट मदिरा दुकान निष्पादन से शेष नहीं है।

# जमुनिया कला में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

**नीमच, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आयुष विभाग' द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ आशीष बोरना के निर्देशन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर गुरुवार को को गणेश चौक जमुनिया कला में आयोजित किया गया। इस निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर मेंआमवात, संधिवात, वातरोग, उदररोग, विबन्ध, श्वास, कास, प्रतिशयाय, रक्ताल्पता, मधुमेह, स्त्रीरोग, रक्तचाप, अर्श आदि बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क औषधि वितरित की गई।



शिविर में बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन आदि की निशुल्क जांच कर उन्हे स्वस्थ रहने हेतु आवश्यक परामर्श के साथ योग एवम प्राणायाम कराया गया। शिविर में कुल 109 रोगियों द्वारा स्वास्थ्य लाभ लिया गया। शिविर में डा पंकज कुमार पाटीदार, डॉ विमला पाटीदार, श्री कानसिंह राणावत, श्री आजाद मंसूरी, श्रीमती भावना बैरागी, श्री हरीश दास बैरागी, श्री यतेंद्र राजावत, श्री विनीत सोनी, श्री हेमंत व्यास, श्रीआनंद शर्मा, श्रीमती श्वेता जोशी आदि आयुष स्टाफ द्वारा सेवाएं दी गई।

## आज होगी सोमयज्ञ आयोजन समिति की बड़ी बैठक

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आगामी अप्रैल के आयोजन की तैयारी को लेकर 28 फरवरी शुक्रवार को सायंकाल ठीक 4 बजे से 5.15 बजे तक एक बड़ी बैठक श्री हाटकेश्वर भवन नरसिंहपुरा में होगी। आयोजन समिति ने समिति से जुड़े महानुभावों और नगर के गणमान्य जनों से इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। यह जानकारी जितेंद्र पारिख ने दी है।



# अभा मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा ने मनाया फाग उत्सव

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा ने शिवरात्रि के मौके पर फागोत्सव मनाया। महिलाओं ने भगवान की पूजा-अर्चना की। तिलक लगाया और भजन-कीर्तन किया। होली के गीतों के साथ गुलाल खेला गया। महिलाएं फगुनिया साड़ी पहनकर आई। भगवान के साथ होली खेली गई। भजन-कीर्तन में 'रंग मत डाले रे सवारियां, 'ये मस्त महीना फागुन का', 'होली में उड़े रे गुलाल' और 'रंग बरसे भोगे चुनर वाली रंग बरसे' जैसे गीत गाए गए।

इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य श्रीमती नेहा मित्तल, महिला ईकाई अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयर मेन श्रीमती संगीता भदानिया, मेजर उषा कुमावत, अंजू मित्तल, अलका जैन, प्रिया पालीवाल, श्वेता पालीवाल, उमा रांका, विद्या दोषी, प्रिया पालीवाल आदि मातृ शक्ति उपस्थित थी।

# महाशिवरात्रि पर नगर सहित अंचल में सुबह से शाम तक हुए आयोजन

**पिपलियामंडी, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में महाशिवरात्रि पर नगर सहित अंचल में सुबह से शाम तक आयोजन हुए। शाम को विशेष आरती के बाद ठंडाई व खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। स्टेशन बालाजी मंदिर स्थित वटकेश्वर महादेव मंदिर पर आकर्षक सजावट की गई। वहीं अग्रवाल मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर, पावागढ़ माताजी मंदिर स्थित पावागढ़ धाम पंचपरमेश्वर महादेव रुद्राभिषेक किया, शिवलिंग का भांग से विशेष श्रृंगार किया। पुराना बिजली ऑफिस रोड स्थित शिव मंदिर, खात्याखेड़ी मार्ग स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर सहित नगर में अन्य शिवलयों पर भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी विवि के शिव संगम भवन पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। जिससे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यहां भी प्रसाद का वितरण हुआ। शिवसेना ने टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से स्टेशन बालाजी मंदिर तक भगवान शिवजी की झांकी निकाली, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंगदल ने टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर पर दर्शन कर भोले बाबा को गोवंश की रक्षा को लेकर एक पत्र भोले बाबा को अर्पित किया। विहिप व बजरंग दल ने गांव कनघट्टी में भी आयोजन किया। भजन संध्या आयोजित हुई। शाम को महाआरती का आयोजन हुआ, प्रसाद के वितरण के साथ ही गोवंश की रक्षा के लिए एक पत्र भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया।

## फरवरी में ही फूलों से लदे आम के पेड़

**मेनपुरिया, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आम के बागानो में फूलों की महक फैलने लगी है, इससे किसानों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी है। हर साल फरवरी के मध्य में आम के पेड़ों पर फूल आने की प्रक्रिया शुरु होती है, और इस बार भी बागों में हरियाली के साथ सुनहरे फूलों की छटा बिखेरने लगी हे। आमतौर पर, 5 से 8 वर्षों में परिपक्व होने के बाद आम के पेड़ फूल देना शुरु करते हैं, और यदि मौसम अनुकूल रहा, तो इस साल अच्छी पैदावार की उम्मीद की जा रही है। आम के फूलों के लिए दिन में 20 से 25 डिग्री सेल्सियस और रात में 10 से 15 डिग्री सेल्सियस तापमान उपयुक्त माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में किसानों को आम की फसल में फूलों की कमी की समस्या से जूझना पड़ा था, लेकिन इस बार अधिकांश पेड़ों पर अच्छी मात्रा में फूल आए हैं इससे आम उत्पादन बढ़ने की संभावना संभावना जताई रही है।

# जीआईएस राज्य के डिजिटल भविष्य के लिए मिल का पत्थर-मुख्यमंत्री

## टैक्नोलॉजी हब बनने की ओर अग्रसर है मप्र, आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

**मंदसौर, 27 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) भोपाल में कहा है कि देश के विकास में 3टी- टैक्सटाइल, टूरिज्म, टेक्नोलॉजी की विशेष भूमिका रहेगी। मध्यप्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य नहीं, बल्कि भारत में टैक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब बनने की ओर अग्रसर है। जीआईएस में पहली बार आईटी एवं टैक्नोलॉजी समिट का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह आयोजन राज्य के डिजिटल भविष्य के लिये मील का पत्थर साबित होगा। इस समिट में राज्य को टेक्नोलॉजी के नये केन्द्र के रूप में स्थापित किया। समिट में दुनिया के टेक लीडर्स, उद्योग विशेषज्ञों, निवेशको, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स आदि ने भाग लिया।

राज्य को आईटी क्षेत्र में 64 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये। इससे प्रदेश में 1.8 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन रोजगारों में युवाओं की भागीदारी सर्वाधिक रहेगी। टेक कंपनियों जैसे डिजिटल कन्वर्जेंस टेक्नोलॉजीज, थोलोन्स, एलसीना, श्रीटेक, केन्स टेक्नोलॉजी और बियॉन्ड स्टूडियोज आदि ने राज्य में निवेश किया है। ग्लोबल टेक कंपनियों ने भी मध्यप्रदेश में निवेश की रूचि दिखाई, जिनमें आईबीएम, माइक्रोसॉफ्ट, बारक्लेज जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। राज्य के तकनीकी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ करने के लिये इन कंपनियों से एमओयू भी किये गये। इससे टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। जीआईएस भोपाल को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिये पहली बार 6 विभागीय समिट का आयोजन किया गया। आईटी एवं टेक्नोलॉजी समिट में उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप के लिये 4 विशेष सत्र आयोजित किये गये। इस समिट में सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के साथ उद्योगों के विशेषज्ञों ने सीधे संवाद किया, राज्य की नीतियों पर चर्चा की और निवेश के नये अवसरों की रूपरेखा तय की। समिट में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिलाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, इनिमेशन विजुअल इफेक्टस, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी, सेमीकंडक्टर और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते विषयों पर राज्य की सम्भावित रणनीतियों पर चर्चा की गई। राज्य सरकार ने सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने के लिये विशेष कदम उठाये हैं।

जीआईएस- भोपाल में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग की नवीन पॉलिसी को भी लॉन्च किया। प्रदेश को आईटी क्षेत्र निवेश अनुकूल बनाने के लिये मध्यप्रदेश एनीमेशन, वीआर, गेमिंग कामिक्स और विस्तारित रियलिटि नीति- 2025, जीसीसी नीति- 2025, सेमी कंडक्टर नीति- 2025 और ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति- 2025 को लॉन्च किया गया। इन नीतियों में आईटी एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र निवेश आकर्षित करने के लिये वित्तीय एवं गैर वित्तीय प्रावधान किये गये हैं। भविष्य की संभावनाओं का ध्यान रखते हुये इन नीतियों को व्यापक और दूरदर्शी बनाया गया। आईटी उद्योगों के विशेषज्ञों द्वारा राज्य की नीतियों की सराहना विभागीय समिट के दौरान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईटी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए नए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इनमें एआई, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, ब्लॉक चेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी अत्याधिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जीआईएस- भोपाल ने निवेश आकर्षित करने साथ ही विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर प्रदान किया। विकसित भारत के साथ विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिये आईटी क्षेत्र मध्यप्रदेश को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई उंचाईयों तक ले जायेगा।

## दैनिक गुरु एक्सप्रेस के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

फार्म 4 (नियम 8 देखिये)

1. प्रकाशन का स्थान – मंदसौर
2. प्रकाशन की अवधि – दैनिक
3. मुदक का नाम – आशुतोष नवाल
   क्या भारतीय नागरिक है – हाँ
   पता – 77, लक्ष्मीनगर वेदान्त विहार मंदसौर (म.प्र.)
4. प्रकाशक का नाम – आशुतोष नवाल
   क्या भारतीय नागरिक है – हाँ
   पता – 77, लक्ष्मीनगर वेदान्त विहार मंदसौर (म.प्र.)
5. प्रधान संपादक – आशुतोष नवाल 77, लक्ष्मीनगर वेदान्त विहार मंदसौर (म.प्र.)
   क्या आप भारतीय नागरिक है – हाँ
   यदि विदेशी हो तो मूल देश – ×
   पता
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो।– आशुतोष नवाल

मैं आशुतोष नवाल एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

दिनांक – 28 फरवरी 2025

आशुतोष नवाल
प्रकाशक के हस्ताक्षर


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/312/खनिज/2025 — मंदसौर, दिनांक–21.02.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक एसएसजी इंटरप्राईजेस, कैलाश मार्ग, विश्वकर्मा हार्डवेयर के पीछे, मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 28.03.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | डिगांवखुर्द | 369 | 2.500 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28.03.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-23506/24 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।

## नाम परिवर्तन बाबत जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री FATEMA PARTAPGARHWALA का पुराना नाम FATEMA बदलकर हमने नया नाम FATEMA PARTAPGARHWALA रख लिया है। तथा अब से मेरी पुत्री को उसके नये नाम FATEMA PARTAPGARHWALA के नाम से जाना व पहचाना जावें।

********* भवदीया *********
उम्मेहानी पति अली अब्बास
निवासी मोहल्ला, तैयबपुरा, मंदसौर (म.प्र.)

## सेल्समेन की आवश्यकता

* अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। * अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।
* वेतन 5 अंको में * योग्यता को प्राथमिकता

******** संपर्क ********

प्रदीप मोबाईल

दया मंदिर रोड़ मंदसौर
मोबाईल– 9893100778, 8319811988

## TEACHERS REQUIRED

Sitamau Public School

Walk in Interview
(On Attractive Salary)

If you have skill for teaching and a zeal to explore yourself with command on English you have golden opportunity

| Section | Vacancy |
|---|---|
| PGT | Account, Chemistry, English, Maths. |
| TGT | Social Study, Science Hindi & Sanskrit, Maths. |
| PRT | All Subject |
| PPRT | All Subject |
| Other | Art & Craft, Computer, Music |

Contact us or send Resume :
Mob. 9893491657, 9425923444
Email: spssitamaupublicschool@gmail.com

Admission Open
Play to 12th


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in